eo-401031/18/cf

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**
(हिंदी अनुभाग)

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29.

फा.सं.1-1/2017-हिं.अ.

दिनांक: 26-12-2017

**विषय: माननीय संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप-समिति को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली मुख्यालय द्वारा दिए गए आश्वासन संबंधी।**

माननीय संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप-समिति द्वारा दिनांक 09 जून, 2017 को आऊटरीच ओ.पी.डी., एम्स दिल्ली एक्सटेंशन, झज्जर कार्यालय के राजभाषायी निरीक्षण के दौरान एम्स, नई दिल्ली मुख्यालय द्वारा माननीय उप-समिति को निम्नलिखित आश्वासन दिया गया था:

**एम्स,नई दिल्ली मुख्यालय द्वारा अधीनस्थ कार्यालयों का समय-समय पर हिंदी संबंधी निरीक्षण किया जाएगा तथा अन्य सभी प्रकार के निरीक्षणों की रिपोर्ट,चाहे वह प्रशासनिक हो,तकनीकी हो या आंतरिक परीक्षा की हो,हिंदी अथवा द्विभाषी रूप में तैयार की जाएंगी तथा प्रत्येक निरीक्षण रिपोर्ट में राजभाषा के प्रयोग संबंधी टिप्पणी/ अनुदेश दिए जाएंगे।**

उपर्युक्त के संदर्भ में, एतद्द्वारा, निदेश दिया जाता है कि संस्थान के सभी विभागों/अनुभागों/केन्द्रों द्वारा अपने-अपने अधीनस्थ कार्यालयों का समय-समय पर हिंदी संबंधी निरीक्षण किया जाए तथा अन्य सभी प्रकार के निरीक्षणों की रिपोर्ट, चाहे वह प्रशासनिक हो, तकनीकी हो या आंतरिक परीक्षा की हो, हिंदी अथवा द्विभाषी रूप में तैयार की जाएं तथा प्रत्येक निरीक्षण रिपोर्ट में राजभाषा के प्रयोग संबंधी टिप्पणी/अनुदेश दिए जाएं। कृपया माननीय संसदीय राजभाषा समिति को संस्थान द्वारा दिए गए उक्त आश्वासन की पूर्ति हेतु अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इसे आवश्यक अनुपालन हेतु जारी किया जाता है।

र गुलेरिया
26/12/17
**(डॉ.रणदीप गुलेरिया)**
**निदेशक**

**वितरण:** सभी विभाग/अनुभाग/केन्द्र।

**प्रतिलिपि:**

1. निदेशक/संकायाध्यक्ष (शैक्षिक)/(परीक्षा)/चिकित्सा अधीक्षक महोदय के निजी सचिव।
2. उप-निदेशक (प्रशासन)/वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी महोदय के निजी सचिव।
3. उप-सचिव महोदय के निजी सचिव।
4. मुख्य प्रशासन अधिकारी/वित्त सलाहकार/अधीक्षण अभियंता महोदय के निजी सचिव।
5. वरिष्ठ भंडार अधिकारी(नि.का.)
6. प्रशासन अधिकारी, सामान्य अनुभाग।
7. प्रभारी अधिकारी, (कंप्यूटर सुविधा) - कृपया इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की कृपा करें।

01/01/18